मैं तेरी हो जाऊं

मेरी विनती सुनो एक बार मेरे बाबा श्याम सरकार,
दासू तेरी हो जाऊं,
झूठी दुनिया से हूं परेशान मैं तेरी हो जाऊं,
कुछ ऐसा करो कमाल मैं तेरी हो जाऊं तेरी हो जाऊं,
दुनिया के झूठे नाते मैं छोड़ कर आई हूं,
अपना ले खाटू वाले दुनिया की सताई हूं,
मेरी सुन ले दीनदयाल मैं तेरी हो जाऊं,
झूठी दुनिया से हूं परेशान मैं तेरी हो जाऊं, तेरी हो जाऊं.....

अपने भक्तों की सुनते लखदातार कहाते हो,
हारे हुओं को तुम ही बाबा पार लगाते हो,
अहलवाती के लाल मैं तेरी हो जाऊं,
झूठी दुनिया से हूं परेशान मैं तेरी हो जाऊं, तेरी हो जाऊं....

खाटू में सजा दरबार दास तेरे आए हैं,
तेरा मोर छड़ी का निशान हाथ में लाए हैं,
इन्हें दर्शन दो एक बार मैं तेरी हो जाऊं,
झूठी दुनिया से हूं परेशान मैं तेरी हो जाऊं, तेरी हो जाऊं.....

मेरी नैया डगमग डोले तुम जल्दी आ जाओ,
अब पकड़ो मेरी कलाई आकर पार लगा जाओ,
शर्मा की सुनो पुकार मैं तेरी हो जाऊं,
झूठी दुनिया से हूं परेशान मैं तेरी हो जाऊं, तेरी हो जाऊं......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30011/title/main-teri-ho-jaau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |